(घ) क्षेत्र अधिकारी शिकायतकर्ता से संपर्क करने के लिए 18.1.1997 और 14.2.1997 को बेनीपुर गए । दोनों ही दिन उनसे संपर्क नहीं किया जा सका क्योंकि वे उस जगह से बाहर गए हुए थे । तथापि,शिकायकर्ता क पिता से संकर्क किया गया,जिन्हें घटना के संबंध में जानकारी नहीं थीं ।

(ड़) डीलन की लाइसेंस संख्या नकदी की रसीद पर इसलिए मुद्रित नहीं थी,क्योंकि ऐसा करना अनिवार्य नहीं था ।

तेल क्षेत्र का पुनर्गइन किया जाना

2776.**श्री दलीप सिंह जूदेव**: क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में और अधिक सुधार लाने संबंधी अपने निर्णय को स्थगित कर दिया है ;

(ख) यदि हां,तो क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पुनर्गठन दल की रिपोर्ट के आधार पर पेट्रोलियम क्षेत्र के पुनर्गठन की योजना तैयार की है;

(ग) यदि हां,तो इस संबंध में कब तक अंतिम निर्णय लिए जाने की संभावना हैं; और

(घ) तेल क्षेत्र में सुधार प्रक्रिया को रोक देने के क्या कारण हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री(श्री टी.आर.बालू): (क) से (घ) राष्ट्रीय तेल उद्योग की पुनसरंचना के लिए गठित किए गए "कार्यनीतिक योजना दल" की रिपोर्ट की सरकार द्वारा जांच की जा रही है ।

Regional Offices of ONGC

2777. SHRI SOLIPETA RAMACHANDRA REDDY: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) the number of regional offices of ONGC and their locations;

(b) whether there is any proposal to open a regional office of ONGC at Rajamundry; and

(c) if so, by when it would start functioning?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI T. R. BAALU): (a) There are five Regional Offices of ONGC Ltd., located at Mumbai, Calcutta, Nazira, Chennai and Baroda.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise in view of (b) above.

आयातित पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन पर आया खर्च

2778.**श्री राघवजी**: क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आयातित क्रूड आयल,पेट्रोल और डीजल को भारत के बदंरगाहों में गोदामों/टैंकों तक ले जाने में प्रति-लीटर कितना खर्च हुआ ;

(ख) क्या आयातित तेल और देश में उत्पादित उपरोक्त उत्पादों की लागत में कोई अंतर है;और

(ग) यदि हां,तो इसका क्या कारण हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री(श्री टी.आर.बालू): (क) से (ग) कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की परिवहन लागत में,ले जाएगए उत्पादन की प्रकृति,मात्रा एवं तय की गई दूरी,परिवहन के तरीके इत्यादि पर निर्भर करते हुए भिन्न्ता आएगी । पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्य निर्धारण की विद्यमान पद्वति तेल लागत पुनरीक्षा समिति (ओ सी आर सी),1984 द्वारा तथा संशोधित तेल मूल्य समिति (1976) की सिफारिशों पर आधारित है । पेट्रोलियम उत्पादों की उत्पादन लागत में क्रूड थ्रुपूट के सार,उत्पादन पद्वति,कच्चे तेल की सुपुर्दगी लागत,संसाधन/शोधन लागत तथा नियोजित पूंजी से हुए लाभ पर निर्भर करते हुए रिफाइनरी दर रिफाइनरी भिन्नता आएगी । पेट्रोलियम उत्पादों के अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य प्राथमिक रूप से विश्व-व्यापि आपूर्ति-मांग स्थिति,अन्तर्राष्ट्रीय क्रूड मूल्यों तथा अन्य भू-राजनीतिक पहुलओं पर निर्धारित किए जाते हैं ।